# —प्रेस नोट—

## *1- थाना जिगना पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ छेड़खानी करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार—*

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जिगना पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ छेड़खानी करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। आज दिनांक 01.05.2021 को थाना जिगना क्षेत्र निवासी वादी द्वारा थाना स्थानीय नामजद अभियुक्त के विरुद्ध, उसकी(वादी) की नाबालिग पुत्री के साथ दिनांक 30.04.2021 की रात्रि को छेड़खानी करने तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया गया। उक्त अभियोग की विवेचना एवं वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए उ0नि0 संतोष कुमार यादव मय हमराह  हे0का0 रामभवन यादव द्वारा वांछित अभियुक्त धर्मेन्द्र पाण्डेय उर्फ अजय पुत्र कैलाश पाण्डेय निवासी नगवासी थाना जिगना मीरजापुर को नरोइया ओवर ब्रिज के पास से समय 12.40 बजे गिरफ्तार कर मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

## *2- थाना चुनार पुलिस द्वारा दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार—*

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चुनार पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 28.04.2021 को थाना चुनार पर वादी द्वारा उसकी(वादी) पुत्री के साथ छेड़खानी करने के सम्बन्ध में नामजद अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में दुष्कर्म की धारा की बढ़ोत्तरी की गई। आज दिनांक 01.05.2021 को उ0नि0 मानवेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी कजरहट मय हमराह का0 अभिमन्यु कुमार द्वारा वांछित अभियुक्त नान्हक पुत्र रामजकुमार निवासी पिपराही थाना चुनार मीरजापुर को बस स्टैण्ड चुनार के पास से समय 10.10 बजे गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय/जेल भेजा गया।